महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर
MAHARAJA GANGA SINGH UNIVERSITY, BIKANER
FORMERLY UNIVERSITY OF BIKANER, BIKANER
राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत
NATIONAL HIGHWAY NO. 15, JAISALMER ROAD, BIKANER-334004 (RAJASTHAN) INDIA
दूरभाष / Phone : 0151-2212044 फैक्स / Fax : 2212042 ई–मेल / E-mail : mgsubikaner@gmail.com

क्रमांक : प.11 ( )/मगसिंविबी/परीक्षा–स्नातकोत्तर/2018/ 8081 दिनांक : 7.8.18

प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक,
समस्त पूरक परीक्षा केन्द्र।

विषयः– पूरक परीक्षा–2018 के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपके परीक्षा केन्द्र पर दिनांक 29.08.2018 से आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा 2018 के परीक्षा आवेदन–पत्र दिनांक 08.08.2018 से 20.08.2018 तक विश्वविद्यालय वेबसाईट www.univindia.net पर ऑन लाईन भरवाये जा रहे हैं। पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने योग्य परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र की केन्द्र प्रति (Centre Copy) एवं रोल लिस्ट दिनांक 25.08.18 को महाविद्यालय पोर्टल पर अपलोड कर दी जाएगी। छात्रों द्वारा अपना परीक्षा प्रवेश पत्र सीधे ही विश्वविद्यालय वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त किया जाएगा। पूरक परीक्षा योग्य परीक्षार्थियों को जारी किए गये प्रवेश–पत्रों का रिकार्ड दो प्रतियों में संधारित करें, जिसमें से एक प्रति विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। पूरक परीक्षा–2018 की विस्तृत समय–सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mgsubikaner.ac.in पर पृथक से उपलब्ध करा दी जाएगी।

आपसे अनुरोध है कि पूरक परीक्षा में प्रविष्ठ होने वाले छात्र–छात्राओं के आवेदन पत्रों की गहनतापूर्ण जांच करें यथा परीक्षा शुल्क, पात्रता, पूर्व की समस्त कक्षाओं/परीक्षाओं की अंकतालिकाओं की संलग्न स्व प्रमाणित प्रति इत्यादि, ताकि कोई अपात्र अभ्यर्थी पूरक परीक्षा में प्रविष्ठ न हो सके। आपके केन्द्र से सम्बन्धित समस्त नियमित एवं स्वयंपाठी छात्रों के आवेदन–पत्र परीक्षा समाप्त होने के तुरन्त पश्चात् रोल लिस्ट में आवश्यक संशोधन करके आवेदन–पत्रों के विवरण सहित (ऑनलाईन/ऑफलाईन) विश्वविद्यालय को भिजवाने की कृपा करें। आवेदन–पत्रों को विश्वविद्यालय में अग्रेषित करने के लिए 5/– रूपये प्रति छात्र (नियमित एवं स्वयंपाठी) अग्रेषण शुल्क का भुगतान किया जाएगा।

कृपया परीक्षा की गरिमा एवं गोपनीयता सुनिश्चित करें। परीक्षा आयोजन संबधी किसी भी जानकारी के लिए विश्वविद्यालय पत्र क्रमांक 21434–21598 दिनांक 16.02.2018 में उल्लेखित अधिकारियों से सम्पर्क करें।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : प.11 ( )/मगसिंविबी/परीक्षा–स्नातकोत्तर/2018/ 8081 दिनांक : 7.8.18
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव–कुलपति, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
2. निजी सहायक–कुलसचिव, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
3. वरि. निजी सहायक–वित्त नियंत्रक, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
4. समस्त अनुभाग अधिकारी (परीक्षा/गोपनीय/नामांकन), महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
5. श्री फौजा सिंह, सहा. आचार्य, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

सहायक कुलसचिव(परीक्षा)